# पंचदश

# बिहार विधान-सभा

## पंचदश सत्र

## तारांकित प्रश्न

### वर्ग-2

मंगलवार, तिथि $\frac{\text{02 पौष 1936 (श0)}}{\text{23 दिसम्बर, 2014 (ई0)}}$

प्रश्नों की कुल संख्या 63

| | | |
|---|---|---|
| (1) | प्राथमिक शिक्षा विभाग .. .. | 27 |
| (2) | माध्यमिक शिक्षा विभाग .. .. | 19 |
| (3) | अनुसूचित जाति एवं जन-जाति कल्याण विभाग .. .. | 01 |
| (4) | परिवहन विभाग .. .. | 02 |
| (5) | पर्यावरण एवं वन विभाग .. .. | 02 |
| (6) | विज्ञान एवं प्रावैधिकी विभाग .. .. | 01 |
| (7) | उच्च शिक्षा विभाग .. .. | 03 |
| (8) | कला, संस्कृति एवं युवा कल्याण विभाग .. .. | 04 |
| (9) | समाज कल्याण विभाग .. .. | 02 |
| (10) | निबंधन विभाग .. .. | 02 |
| | कुल योग — | 63 |

निर्माण करना

*33. श्री अमरेन्द्र कुमार पाण्डेय--क्या मंत्री, शिक्षा (प्रा०शि०) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि गोपालगंज जिला के कुचायकोट प्रखण्डान्तर्गत बखरी पंचायताधीन ग्राम विक्रमपुर बनिया छापर में वर्ष 2006 में प्राथमिक विद्यालय का नवसृजन किया गया है जिसमें 200 से अधिक बच्चे अध्ययनरत है;

(2) क्या यह बात सही है कि वर्ष 2006 में विद्यालय सृजनोपरान्त आजतक विद्यालय भवन का निर्माण नहीं किया गया है, जिससे अध्ययन एवं अध्यापन कार्य प्रभावित हो रहा है;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त नवसृजित विद्यालय का भवन निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

----------

कॉलेज खोलना

*34. श्री मंजीत कुमार सिंह--क्या मंत्री, विज्ञान एवं प्रावैधिकी विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि Ministry of human Resource Development Department of Higher Education Government of India. द्वारा 11 फरवरी, 2011 को F.No.-22-22/2009-TsIV द्वारा बिहार के 6 जिला गया, दरभंगा, गोपालगंज, छपरा, बेगूसराय, भागलपुर में पोलिटेक्निक कॉलेज खोलने हेतु 12 करोड़ रुपया विज्ञान एवं प्रावैधिकी विभाग, बिहार सरकार को उपलब्ध करायी गई थी;

(2) क्या यह बात सही है कि 2011 से अबतक 6 जिलों में कहीं भी पोलिटेक्निक कॉलेज नहीं खोला जा सका है;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार कबतक 6 जिलों में पोलिटेक्निक कॉलेज खोलने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---------

निर्माण करना

*35. श्री वीरेन्द्र कुमार सिंह--क्या मंत्री, शिक्षा (मा०शि०) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि औरंगाबाद जिलान्तर्गत बारून प्रखण्ड के उच्च विद्यालय बारून, प्रोजेक्ट कन्या उच्च विद्यालय, बारून, उच्च विद्यालय, सिरोस में चहारदीवारी नहीं है जिससे छात्र-छात्राओं को पठन-पाठन में कठिनाई होती है;

(2) यदि उपर्युक्त खण्ड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार उक्त विद्यालयों का चहारदीवारी निर्माण कराने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

-----------

निर्माण करना

*36. श्री (मो०) आफाक आलम--क्या मंत्री, शिक्षा (मा०शि०) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि पूर्णियाँ जिलान्तर्गत कसबा प्रखण्ड के के०डी० बालिका उच्च विद्यालय में बालिका छात्रावास नहीं है;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त बालिका उच्च विद्यालय में पूर्णियाँ जिला के सुदूर गाँवों के बालिका पठन-पाठन करने आते है एवं कसबा प्रखण्ड में एक भी बालिका छात्रावास नहीं है;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार के०डी० बालिका उच्च विद्यालय में बालिका छात्रावास का निर्माण कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

उत्क्रमण करना

*37. श्री अमरेन्द्र कुमार पाण्डेय--क्या मंत्री, शिक्षा (प्रा०शि०) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि गोपालगंज जिला के कुचायकोट प्रखण्डान्तर्गत टोला सिपाया पंचायताधीन राजकीय मध्य विद्यालय, ईशरपट्टी के 3-4 कि०मी० क्षेत्रफल में कोई भी उच्च विद्यालय संचालित नहीं है;

(2) क्या यह बात सही है कि राजकीय मध्य विद्यालय, ईशरपट्टी उच्च विद्यालय में उत्क्रमण हेतु सभी विहित शर्त्तों को पूरा करता है;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त विद्यालय को उच्च विद्यालय में उत्क्रमण करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---------

बस का परिचालन

*38. डॉ० फैयाज अहमद--क्या मंत्री, परिवहन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि राजधानी पटना से मधुबनी जिलान्तर्गत मैथिली के प्रख्यात कवि विद्यापति के जन्म स्थली बिस्फी नरसाम के लिये एक भी परिवहन निगम की बस नहीं चलती है जिससे पर्यटकों को काफी असुविधा हो रही है;

(2) यदि उपर्युक्त खण्ड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार उक्त स्थानों के लिये परिवहन निगम के बस का परिचालन कराने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---------

भुगतान करना

*39. श्री पद्म पराग राय 'वेणु'--क्या मंत्री, शिक्षा (प्रा०शि०) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि मधुबनी जिला के खुटौना प्रखंड अंतर्गत प्राथमिक एवं मध्य विद्यालयों के 20 नियोजित शिक्षकों यथा श्रीमती सुधा देवी, म०वि०, नहरी, सुधा कुमारी, म०वि०, ललमनीयां, बबली कुमारी, प्रा०वि० दहटोल, उढ़वा इत्यादि का 20 माह से मानदेय भुगतान लंबित है जिसके कारण उनके समक्ष भूखमरी की स्थिति उत्पन्न हो गयी है;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त भुगतान के लिये जिला शिक्षा पदाधिकारी, मधुबनी एवं प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी, खुटौना के साथ-साथ जिलाधिकारी के जनता दरबार में भी लिखित अनुरोध एक वर्ष पूर्व किया जा चुका है;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त शिक्षक एवं शिक्षिकाओं के लंबित मानदेय का भुगतान करने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---------

भुगतान करना

*40. श्रीमती देवंती यादव--क्या मंत्री, शिक्षा (मा०शि०) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि समस्तीपुर जिलान्तर्गत सभी उच्चतर माध्यमिक विद्यालयों में नियोजित शिक्षकों का मार्च, 2013 तथा नवम्बर, 2013 से फरवरी, 2014 तक का वेतन बकाया है;

(2) क्या यह बात सही है कि बिहार के अन्य जिलों के उच्चतर माध्यमिक विद्यालयों में खंड (1) में वर्णित अवधि के वेतन का भुगतान ससमय हो चुका है;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार समस्तीपुर जिला के उच्चतर माध्यमिक विद्यालयों के नियोजित शिक्षकों का खंड (1) में वर्णित अवधि के वेतन के भुगतान करने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

उत्क्रमित करना

*41. श्री सुरेन्द्र मेहता--क्या मंत्री, शिक्षा (मा०शि०) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि बेगूसराय जिले के तेघड़ा प्रखंड अंतर्गत पकठौल ग्राम में उच्च विद्यालय नहीं होने के कारण आस-पास के हजारों परिवार के बच्चे उच्च शिक्षा से वंचित रह जाते हैं, यदि हाँ, तो क्या सरकार पकठौल मध्य विद्यालय को उत्क्रमित कर उच्च विद्यालय में परिणत करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---------

चालू करना

*42. श्री अजय कुमार बुलगानीन--क्या मंत्री, निबंधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि समस्तीपुर जिला के पटोरी अनुमंडल में निबंधन कार्यालय नहीं है और लोगों को निबंधन के लिये 40 से 50 कि०मी० दूर दलसिंहसराय जाना पड़ता है ;

(2) क्या यह बात सही है कि पटोरी अनुमंडल में निबंधन कार्यायल के लिये जगह उपलब्ध है और इसकी जानकारी संबंधित कार्यालय को अनुमंडल पदाधिकारी, पटोरी द्वारा 2013-14 में दिया जा चुका है लेकिन आजतक कार्यालय को चालू नहीं कराया गया है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार निबंधन कार्यालय को पटोरी अनुमंडल में चालू कराने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---------

कार्रवाई करना

*43. डॉ० अच्युतानंद--दैनिक समाचार-पत्र के दिनांक 5 सितम्बर, 2014 के अंक में छपी खबर ''दो करोड़ बच्चे नामित, 69 लाख नहीं आते स्कूल'' शीर्षक के आलोक में क्या मंत्री, शिक्षा (प्रा० शि०) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि राज्य में कक्षा एक से आठ तक 1 करोड़ 99 लाख 34 हजार 547 बच्चें नामांकित हैं जबकि प्रत्येक दिन मात्र 1 करोड़ 29 लाख 90 हजार 324 बच्चे का ही मिड-डे मील बनता है ;

(2) क्या यह बात सही है कि राज्य में 69 लाख नामांकित बच्चे प्रत्येक दिन विद्यालय नहीं आते हैं ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार राज्य के विद्यालयों में नामांकित बच्चों की शत-प्रतिशत उपस्थिति बहाल कराने के लिये कौन-सी कार्रवाई करने का विचार रखती है और कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---------

निर्माण करना

*44. श्री सुरेश चंचल--क्या मंत्री, शिक्षा (प्रा० शि०) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मुजफ्फरपुर जिलान्तर्गत सकरा प्रखंड का नवसृजित प्राथमिक विद्यालय नारोपट्टी दुबहा भवनहीन है जिसके कारण बच्चें खुले आसमान के नीचे पढ़ाई करने के लिये विवश हैं, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त विद्यालय का भवन निर्माण कराने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों?

उत्क्रमित करना

*45. श्री ज्ञानचंद मांझी--क्या मंत्री, शिक्षा (मा०शि०) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सारण जिलान्तर्गत गड़खा प्रखंड के 1. मध्य विद्यालय कुचाह 2. मध्य विद्यालय महमदा 3. मध्य विद्यालय पचपटिया 4. मध्य विद्यालय फेरूसा के पाँच कि०मी० की परिधि में कोई उच्च विद्यालय नहीं है, जिसके चलते छात्र एवं छात्राओं को काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त मध्य विद्यालयों को उच्च विद्यालयों में उत्क्रमित करने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---------

गोदाम हटाना

*46. डॉ० मो० जावेद--क्या मंत्री, पर्यावरण एवं वन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि किशनगंज जिला के नगर परिषद् अंतर्गत वार्ड नं० 1 एवं 4 के क्रमश: मोहीउद्दीनपुर एवं पानीबाग जो शहर के बीचो-बीच है, जहाँ एक तम्बाकू गोदाम स्थित है ;

(2) क्या यह बात सही है कि घनी आबादी एवं आवासीय क्षेत्र में तम्बाकू गोदाम होने के कारण वातावरण प्रदूषित हो रहा है जिससे लोगों को तरह-तरह की बीमारी हो रही है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त गोदाम को हटवाने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---------

निर्माण करना

*47. श्री पवन कुमार जायसवाल--क्या मंत्री, कला, संस्कृति एवं युवा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि पूर्वी चम्पारण जिला अन्तर्गत ढ़ाका प्रखंड के उच्च विद्यालय ढ़ाका के खेल मैदान में स्टेडियम का निर्माण कराया गया है ;

(2) क्या यह बात सही है कि विभाग/अभियंताओं के लापरवाही के कारण 250 फीट लम्बी चहारदीवारी निर्माण कार्य प्राक्कलन में शामिल नहीं होने के कारण स्टेडियम की घेराबंदी अपूर्ण है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार शेष 250 फीट लम्बी चहारदीवारी का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-------

निर्माण करना

*48. श्रीमती नीता चौधरी--क्या मंत्री, शिक्षा (प्रा०शि०) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि मुंगेर जिला के तारापुर प्रखंड अंतर्गत गाजीपुर पंचायत के मदरसा मदीनदूलउलम में पढ़ने वाले छात्र-छात्राओं की संख्या लगभग 200 है, जबकि कमरा एक ही है ;

(2) क्या यह बात सही है कि अतिरिक्त कमरा एवं फर्नीचर (कुर्सी, टेबुल, डेस्क) नहीं होने से अल्पसंख्यक बच्चों को पठन-पाठन में असुविधा होती है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त मदरसा में अतिरिक्त कमरा का निर्माण कराने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

निर्माण करना

*49. श्री चितरंजन कुमार--क्या मंत्री, शिक्षा (मा0 शि0) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि अरवल जिलान्तर्गत सदर प्रखंड के कोरियम उच्च विद्यालय का चहारदीवारी नहीं होने के कारण वहाँ खाली पड़े जमीन पर अतिक्रमणकारियों द्वारा अतिक्रमण किये जाने से विद्यालय में पढ़ने वाले बच्चों को खेलने-कूदने में कठिनाई होती है;

(2) यदि उपर्युक्त खण्ड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार उक्त विद्यालय की चहारदीवारी निर्माण कराने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

------------

रिक्त पदों को भरना

*50. श्रीमती मंजू कुमारी--क्या मंत्री, समाज कल्याण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि समस्तीपुर जिलान्तर्गत कल्याणपुर एवं पूसा प्रखंड में आँगनबाड़ी सेविकाओं के स्वीकृत पद क्रमश: 274 एवं 116 हैं तथा उक्त पदों में से क्रमश: 67 एवं 16 पद वर्ष 2012 से रिक्त पड़े हुये हैं;

(2) यदि उपरोक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो सरकार उक्त प्रखंडों के आँगनबाड़ी सेविकाओं के रिक्त पदों को भरने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

------------

शिक्षा देना

'क'-*51. श्री सचीन्द्र प्रसाद सिंह--क्या मंत्री, अनुसूचित जाति एवं जनजाति कल्याण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि पूर्वी चम्पारण जिला के केसरिया प्रखण्ड की आबादी लगभग 3 लाख से ज्यादा है जिसमें 20 प्रतिशत से ज्यादा महादलित एवं दलित समुदाय की आबादी है;

(2) क्या यह बात सही है कि पूरे प्रखंड में महादलित एवं दलित वर्ग के बच्चों को पढ़ने के लिये एक भी आवासीय मध्य एवं उच्च विद्यालय नहीं है जिससे गरीब बच्चों को शिक्षा प्राप्त करने में कठिनाई हो रही है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त वर्ग के बच्चों के लिये केसरिया प्रखंड अंतर्गत आवासीय विद्यालय खोलकर शिक्षा देने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

------------

कार्रवाई करना

*52. श्री प्रदीप कुमार--क्या मंत्री, शिक्षा (प्रा0 शि0) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है जिला शिक्षा पदाधिकारी, नवादा के पत्रांक 1687, दिनांक 30 जून, 2014 द्वारा विभागीय निदेशों एवं परिपत्रों की अनदेखी कर मध्य विद्यालयों के प्रधानाध्यापकों को अवैध रूप से ऐच्छिक स्थानान्तरण किया गया है;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त संदर्भ में प्रश्नकर्त्ता सदस्य द्वारा जिला पदाधिकारी, नवादा से शिकायत किया गया, जाँच के क्रम में उप-विकास आयुक्त, नवादा के पत्रांक 181/गो0, दिनांक 27 सितम्बर, 2014 द्वारा अवैध रूप से स्थानान्तरित किये गये शिक्षकों का स्थानान्तरण रद्द करने हेतु अनुशंसा कर जिला पदाधिकारी, नवादा को पत्र प्रेषित किया गया है परन्तु आजतक कोई कार्रवाई नहीं की गई;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त प्रकरण में अवैध रूप से स्थानान्तरित शिक्षकों का स्थानान्तरण रद्द करने में तथा अवैध रूप से स्थानान्तरण करने में संलिप्त पदाधिकारियों पर कार्रवाई करने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

नोट--'क'-शिक्षा विभाग से अनुसूचित जाति एवं जनजाति कल्याण विभाग को स्थानांतरित ।

व्यवस्था करना

*53. श्री संजय सरावगी--स्थानीय दैनिक समाचार-पत्र में दिनांक 2 दिसम्बर, 2014 के अंक में प्रकाशित शीर्षक ''16 केन्द्रीय विद्यालय होंगे बंद'' को ध्यान में रखते हुये क्या मंत्री, शिक्षा (प्रा0 शि0) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि राज्य सरकार द्वारा जमीन उपलब्ध नहीं कराये जाने के कारण केन्द्रीय विद्यालय संगठन, बिहार के अपने 16 विद्यालयों को बन्द करने का विचार किया जा रहा है इसकी शुरुआत दरभंगा, पूर्णियाँ, बरौनी, लखीसराय, मुजफ्फरपुर के कुछ वर्गों में बच्चों के नये नामांकन पर रोक लगाकर की गई है;

(2) यदि उपर्युक्त खण्ड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार राज्य के 16 केन्द्रीय विद्यालयों को बंद होने से बचाने के लिये जमीन की व्यवस्था करना चाहती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

------------

नर्सरी खोलना

*54. श्री राम नरेश प्रसाद यादव --क्या मंत्री, वन एवं पर्यावरण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि सीतामढ़ी जिला के परिहार एवं सोनावर्षा प्रखंड के लोग कृषि पर आधारित हैं एवं दोनों को मिलाकर 47 पंचायत है;

(2) क्या यह बात सही है कि उपरोक्त प्रखंड में नर्सरी नहीं होने के कारण किसानों को 30 से 40 कि0मी0 दूरी तयकर जिला मुख्यालय से लाना पड़ता है;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार दोनों प्रखंडों में नर्सरी खोलने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

------------

निर्माण करना

*55. श्री चितरंजन कुमार--क्या मंत्री, शिक्षा (मा0 शि0) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि अरवल जिलान्तर्गत कलेर प्रखंड के सोहसा उच्च विद्यालय और क्रीड़ा मैदान में चहादीवारी नहीं होने के कारण अवारा पशुओं का प्रवेश विद्यालय परसिर में हो जाता है जिससे पठन-पाठन एवं बच्चों को खेलने में कठिनाई का सामना करना पड़ता है;

(2) यदि उपर्युक्त खण्ड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार उक्त विद्यालय परिसर की चहारदीवारी निर्माण कराने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

------------

स्कूल खोलना

*56. श्री कुमार शैलेन्द्र --क्या मंत्री, शिक्षा (मा0 शि0) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि भागलपुर जिला के बिहपुर प्रखंड अंतर्गत मड़वा पश्चिम पंचायत में एक भी हाई स्कूल नहीं है;

(2) क्या यह बात सही है कि सरकार द्वारा पंचायत स्तर शिक्षा को बढ़ावा देने के तहत हर पंचायत में एक हाई स्कूल खोलने का प्रस्ताव है;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त पंचायत में हाई स्कूल खोलना चाहती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

उपलब्ध कराना

*57. श्रीमती पूनम देवी यादव--क्या मंत्री, शिक्षा (प्रा0शि0) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि खगड़िया जिलान्तर्गत खगड़िया प्रखंड में कस्तूरबा गाँधी बालिका विद्यालय, हाजीपुर आवास बोर्ड 5 जुलाई, 2012 से संचालित हो रहा है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त विद्यालय के भवन निर्माण के लिये वित्तीय वर्ष 2011-12 में प्राक्कलित राशि 29 (उन्तीस) लाख रुपये आवंटित किया गया है, जिस राशि से केवल दो मंजिला स्ट्रक्चर तैयार हुआ है ;

(3) क्या यह बात सही है कि उक्त विद्यालय में शौचालय, पानी, बिजली, वायरिंग एवं भवन में प्लास्टर नहीं रहने से छात्राओं को काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है ;

(4) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त विद्यालय के अपूर्ण भवन को पूर्ण कराते हुये मूलभुत सुविधा उपलब्ध कराने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

निर्माण करना

*58. श्री (मो0) आफाक आलम--क्या मंत्री, शिक्षा (मा0शि0) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि पूर्णियाँ जिलान्तर्गत कसबा प्रखंड के कसबा उच्च विद्यालय का 10+2 का भवन का निर्माण वर्ष 2000 में शुरू किया गया लेकिन अभीतक भवन का निर्माण कार्य पूरा नहीं किया गया है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त विद्यालय का भवन नहीं बनने के कारण छात्र-छात्राओं को पठन-पाठन में कठिनाई होती है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त विद्यालय का भवन का निर्माण कार्य शीघ्र कराने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

कार्यान्वित करना

*59. डॉ0 इजहार अहमद--स्थानीय हिन्दी दैनिक समाचार-पत्र में दिनांक 29 सितम्बर, 2014 को प्रकाशित शीर्षक ''चार निदेशक बदले, 36 हजार पद अब भी खाली'' को ध्यान में रखते हुये क्या मंत्री, शिक्षा (प्रा0शि0) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि बिहार राज्य में मध्य विद्यालयों में ललित कला, शारीरिक एवं संगीत के 36 हजार अनुदेशकों की बहाली विगत 2 वर्ष पूर्व की जानी थी लेकिन आजतक नियमावली नहीं बनाये जाने के कारण उक्त पद खाली पड़े हैं ;

(2) क्या यह बात सही है कि अनुदेशकों के वेतन की राशि सर्व-शिक्षा अभियान के द्वारा दी जानी थी जिसमें 65 प्रतिशत राशि केन्द्र सरकार तथा 35 प्रतिशत राशि राज्य सरकार को देना है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार इसमें लापरवाही बरतने वालों के विरुद्ध कार्रवाई करते हुये इसे कबतक कार्यान्वित कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

प्रारंभ करना

*60. श्री राज कुमार राय--क्या मंत्री, शिक्षा (मा0शि0) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि समस्तीपुर जिलान्तर्गत हसनपुर विधान-सभा क्षेत्र अधीन उच्च विद्यालय, हसनपुर, उच्च विद्यालय, विथान एवं अन्य उच्च विद्यालयों को +2 का दर्जा दिया है जिसमें मालदह, सखवा, मंगलगढ़, नयानगर, नकूनी उच्च विद्यालय है ;

(2) क्या यह बात सही है कि दर्जा मिलने के बाद भी उक्त +2 विद्यालयों में बुनियादी सुविधा के अभाव में शिक्षण कार्य प्रारम्भ नहीं किया गया है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो कबतक सरकार उक्त सभी विद्यालयों को संसाधन उपलब्ध कराकर शिक्षण कार्य प्रारम्भ करवाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

कार्रवाई करना

*61. श्री कन्हैया कुमार--क्या मंत्री, परिवहन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि जिला परिवहन पदाधिकारी, सीवान के कार्यालय द्वारा जिला में बिक्री होने वाले दो पहिया वाहनों के निबंधन से संबंधित स्मार्ट कार्ड पिछले एक वर्ष से निर्गत नहीं किया जा रहा है ;

(2) क्या यह बात सही है कि जिला परिवहन पदाधिकारी, सीवान के कार्यालय द्वारा पिछले 6 माह से स्क्रीन रिपोर्ट भी जारी नहीं किया जा रहा है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो स्मार्ट कार्ड तथा स्क्रीन रिपोर्ट जारी नहीं करने के लिये जिम्मेदार पदाधिकारी पर सरकार कौन-सी कार्रवाई करने का विचार रखती है ?

--------

उत्क्रमित करना

*62. श्री अजय कुमार बुलगानीन--क्या मंत्री, शिक्षा (मा0शि0) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि समस्तीपुर जिला अन्तर्गत मोहनपुर प्रखंड के मोहनपुर पंचायत में रा0म0वि0, मोहनपुर एवं मोहिउद्दीन नगर प्रखंड के तेतारपुर पंचायत में म0वि0, तेतारपुर अवस्थित है ;

(2) क्या यह बात सही है कि रा0म0वि0, मोहनपुर में 100 डीसमिल जमीन 11 कमरा, 2 शौचालय है और 80 डीसमिल खाली मैदान है एवं म0वि0, तेतारपुर 13 नया कमरा, 6 पुराना कमरा, तीन शौचालय एवं 1 एकड़ में खाली मैदान है तथा उच्च विद्यालय में उत्क्रमण की सभी शर्तों को पूरा करती है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त राजकीय मध्य विद्यालयों को उच्च विद्यालय में उत्क्रमण करने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

पदों को भरने का औचित्य

*63. श्री अब्दुलबारी सिद्दिकी--क्या मंत्री, शिक्षा (प्रा0शि0) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि शिक्षक नियोजन विशेष नियमावली, 2010 के अन्तर्गत यह प्रावधान किया गया है कि 1995 से पूर्व जो मैट्रिक प्रशिक्षित अभ्यर्थी हैं, प्राथमिक शिक्षक के पद पर उनकी नियुक्ति की जायेगी लेकिन उर्दू से मैट्रिक प्रशिक्षित अभ्यर्थी को इस नियमावली में छोड़ दिया गया है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उर्दू से मैट्रिक प्रशिक्षित अभ्यर्थी के उपलब्ध रहने के बावजूद नन-उर्दू मैट्रिक प्रशिक्षित अभ्यर्थी से उर्दू के लिये आरक्षित पद को नियमावली, 2010 के अन्तर्गत भरा जा रहा है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो प्रधान उर्दू से मैट्रिक उत्तीर्ण प्रशिक्षित अभ्यर्थी के उपलब्ध रहते हुये नन-उर्दू अभ्यर्थी से पदों को भरने का क्या औचित्य है ?

--------

लाभ देना

*64. श्री सुरेश चंचल--क्या मंत्री, शिक्षा (प्रा0शि0) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि बिहार राज्य प्रारंभिक शिक्षक नियोजन नियमावली, 2012 के तहत् एक नियोजन इकाई से दूसरे नियोजन इकाई में नियुक्त हुये पंचायत/प्रखंड शिक्षकों को शिक्षा विभाग की अधिसूचना सं0 429, दिनांक 22 जून, 2012 की कंडिका 8 के अनुसार पूर्व की सेवावधि की गणना कर वेतन संरक्षण का लाभ नये नियोजन इकाई में अनुमान्य है ;

(2) क्या यह बात सही है कि बिहार पंचायत प्रारंभिक शिक्षक नियमावली, 2006 के तहत् वर्ष 2006 से 2008 के बीच बहुत बड़ी संख्या में महिला पंचायत/प्रखंड शिक्षक शादी होने या गृह नजदीक होने के कारण एक नियोजन इकाई छोड़कर दूसरे नियोजन इकाई में नियुक्त हुये हैं लेकिन उन्हें वेतन संरक्षण का लाभ नये नियोजन इकाई में अभीतक नहीं दिया गया है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार एक नियोजन इकाई छोड़कर नये नियोजन इकाई में नियुक्त सभी पंचायत/प्रखंड शिक्षकों को पूर्व की सेवावधि की गणना कर वेतन संरक्षण का लाभ देने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

स्थापना करना

*65. श्री गोपालजी ठाकुर--क्या मंत्री, शिक्षा (प्रा0 शि0) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि दरभंगा जिलान्तर्गत बिरौल प्रखंड के नया प्राथमिक विद्यालय हरसेर मुसहरी, कोनी, घाट, बेनीपुर प्रखंड के अमेठी मुसहरी चौरंगा नहरी बड़ी तरौनी महादलित टोल वलनी पश्चिमी टोल में नया प्रा0 विद्यालय स्थापित करने की स्वीकृति वर्ष 2012 में दी गई है ;

(2) क्या यह बात सही है कि अभीतक प्रा0 विद्यालय की स्थापना नहीं किया गया है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त स्थानों पर प्रा0 विद्यालय की स्थापना कराने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

वेतनमान देना

*66. श्री अरूण शंकर प्रसाद--स्थानीय दैनिक समाचार-पत्र में दिनांक 10 नवम्बर, 2014 को प्रकाशित शीर्षक ''अबतक नहीं छपी किताबें कैसे होगा शिक्षकों का संवर्धन कोर्स'' को ध्यान में रखते हुये क्या मंत्री, शिक्षा (प्रा0 शि0) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि राज्य में सत्र 2009-11 एवं 2010-12 में एक लाख दस हजार नियोजित शिक्षक प्रशिक्षित हो चुके हैं परन्तु उन्हें प्रशिक्षित शिक्षकों का वेतनमान नहीं मिल रहा है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त शिक्षकों को छ: माह का संवर्धन कोर्स करने के बाद ही प्रशिक्षित शिक्षक का वेतनमान मिल सकेगा जबकि संवर्धन कोर्स के लिये अभीतक किताबें भी नहीं छपी है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार कबतक उक्त शिक्षकों का संवर्धन कोर्स पूरा कराकर प्रशिक्षित वेतनमान देने का विचार रखती है ?

--------

निर्माण करना

*67. श्री रामसेवक सिंह--क्या मंत्री, निबंधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि गोपालगंज जिला के हथुआ अनुमंडल के अंतर्गत निबंधन कार्यालय मीरगंज काफी पुराने और छोटे भवन में चल रहा है कार्यालय का भवन एवं छत कई जगहों पर टूट चुका है ;

(2) क्या यह बात सही है कि जर्जर भवन में अभिलेखों के रख-रखाव तथा आधुनिक मशीनों को सुरक्षित रखने में काफी कठिनाई हो रही है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त निबंधन कार्यालय का नया भवन निर्माण कराने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

विद्यालय खोलना

*68. श्री अंबिका सिंह--क्या मंत्री, शिक्षा (प्रा0 शि0) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि कैमूर जिला के नुआँव प्रखंड के अन्तर्गत ग्राम प्रतापपुर में प्रा0 विद्यालय नहीं है जिससे यहाँ के छात्र-छात्राओं को पढ़ने हेतु लगभग दो तीन किलो मीटर की दूरी तय करनी पड़ती है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त मौजा में अनु0 जाति की बस्ती है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त मौजा के अनु0 जाति बस्ती में प्राथमिक विद्यालय खोलने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

विद्यालय खोलना

*69. डॉ0 कृष्णनन्दन यादव--क्या मंत्री, शिक्षा (प्रा0 शि0) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि गया जिला के अतरी प्रखंड के अषढ़ीया टोला रामपुर में प्राथमिक विद्यालय नहीं है ;

(2) क्या यह बात सही है कि अषढ़ीया टोला रामपुर की आबादी 1000 है ;

(3) क्या यह बात सही है कि अषढ़ीया टोला रामपुर के बच्चे 3 कि0मी0 दूर पढ़ने बिरनोई जाते हैं ;

(4) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार अतरी प्रखंड के ग्राम अषढ़ीया टोला रामपुर महादलित टोला में एक प्राथमिक विद्यालय खोलने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

घेराबंदी करना

*70. श्री मनोहर प्रसाद सिंह-- क्या मंत्री, कला, संस्कृति एवं युवा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि कटिहार जिला के अमदाबाद प्रखंड अंतर्गत बैरिया मदरसा के बगल में एक बड़ा और विस्तृत खेल का मैदान है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उसकी घेराबंदी नहीं रहने के कारण वह जानवरों का चारागाह बन गया है लोगों ने आम रास्ता बना लिया है इससे मैदान क्षतिग्रस्त हो रहा है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त मैदान की घेराबंदी करने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

पारदर्शिता लाना

*71. श्रीमती भागीरथी देवी--स्थानीय हिन्दी दैनिक समाचार-पत्र में दिनांक 5 नवम्बर, 2014 के प्रकाशित शीर्षक ''जाँच तक सिमट जाती एम0डी0एम0 की गड़बड़ियाँ'' को ध्यान में रखते हुये क्या मंत्री, शिक्षा (प्रा0शि0) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि प0 चम्पारण (बेतिया) जिला के गौनाहा प्रखंडान्तर्गत एम0डी0एम0 योजना में अप्रत्याशित रूप से पंजियों में अवैध हाजरी बनाकर चावल एवं अन्य खाद्य सामग्रियों को फर्जी रूप से प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी, गौनाहा एवं समन्वयकों की मिली भगत से उठाव कर बेचे जाने के विरुद्ध ग्रामीणों द्वारा अनुमंडलीय एवं जिला स्तरीय पदाधिकारियों को सूचना देने के बावजूद भी कार्रवाई नहीं की जाती है, यदि हाँ, तो क्या सरकार दोषियों के विरुद्ध कार्रवाई करते हुये एम0डी0एम0 की योजना में पारदर्शिता लाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

निर्माण पूर्ण करना

*72. डॉ0 फैयाज अहमद-- क्या मंत्री, कला, संस्कृति एवं युवा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि मधुबनी जिला के बिस्फी प्रखंडान्तर्गत वर्ष 2009 में मुख्य मंत्री खेल विकास योजना के तहत उच्च विद्यालय, नाहस खगरैठा में स्टेडियम निर्माण हेतु विभागीय पत्रांक 80, दिनांक 17 फरवरी, 2009 द्वारा 33,21,700 रुपया की स्वीकृति प्रदान की गयी है ;

(2) क्या यह बात सही है कि अभीतक स्टेडियम निर्माण में मात्र चहारदीवारी का ही काम हुआ है और शेष कार्य राशि के अभाव में अधूरा पड़ा है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार शेष स्वीकृत राशि निर्गत कर स्टेडियम का निर्माण पूर्ण कराने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

राशि आवंटित करना

*73. श्री राजेश्वर राज--क्या मंत्री, शिक्षा (प्रा0 शि0) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि रोहतास जिला के काराकाट प्रखंडान्तर्गत नवसृजित प्राथमिक विद्यालय, महादलित टोला, करूप को वर्ष 2006-07 में भवन निर्माण हेतु स्वीकृत प्राक्कलित राशि को जमीन अनुपलब्धता के चलते ग्रामीण बैंक, गोड़ारी में जमा करायी गयी थी ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त विद्यालय हेतु गत वर्ष जमीन उपलब्ध हो जाने के उपरांत विगत सात वर्ष पूर्व स्वीकृत निर्माण सामग्रियों की दर से वर्तमान समय में कार्य करा पाने में कठिनाइयाँ हैं ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार वर्ष 2006-07 में स्वीकृत प्राक्कलन को संशोधित कर राशि आवंटित कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

कार्रवाई करना

*74. श्री जनार्दन माँझी--क्या मंत्री, समाज कल्याण विभाग, यह बताने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि जमुई जिला के अनुमंडल पदाधिकारी, जमुई के पत्रांक 599, दिनांक 3 अप्रील, 2010 द्वारा आँगनबाड़ी केन्द्र, भरकुआ, पंचायत-नूमर, प्रखण्ड-बरहट में कार्यरत सेविका की सेवा समाप्त कर दी गई है, किन्तु नियत से सेवा समाप्ति तक 36 माह के वेतन के राजस्व की क्षति हुई है, उक्त राजस्व क्षति की वसूली हेतु सरकार कौन-कौन-सी कार्रवाई कर रही है, नहीं, तो क्यों ?

---

प्रतिनियुक्त करना

*75. श्री रामदेव महतो--क्या मंत्री, शिक्षा (प्रा0 शि0) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मधुबनी जिला के प्रत्येक प्रखंड में कार्यरत 22 कस्तुरबा गाँधी विद्यालयों में प्रति विद्यालय में एक ही शिक्षक प्रतिनियुक्त है जिससे पठन-पाठन में असुविधा हो रही है, यदि हाँ, तो क्या सरकार कबतक प्रत्येक विद्यालय में स्वीकृत यूनिट के अनुसार शिक्षकों की प्रतिनियुक्ति करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

निर्माण करना

*76. श्रीमती सुजाता देवी--क्या मंत्री, शिक्षा (प्रा0 शि0) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि सुपौल जिलान्तर्गत किशनपुर प्रखंड के पंचायत मौजहा स्थित प्रा0 विद्यालय, बुढ़िया, दीप, प्राथमिक विद्यालय, सुजानपुर, प्राथमिक विद्यालय, सुकमारपुर और उत्क्रमित मध्य विद्यालय, सुकमारपुर भवनविहिन है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त विद्यालय में भवन नहीं रहने से छात्र/छात्राओं को पठन-पाठन में कठिनाई हो रही है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं , तो क्या सरकार छात्र/छात्राओं के हित में उक्त विद्यालय का भवन निर्माण कराने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

निर्माण करना

*77. श्री मनोहर प्रसाद सिंह--क्या मंत्री, शिक्षा (प्रा0 शि0) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि कटिहार जिला के मनिहारी प्रखंड अंतर्गत मनिहारी नगर में उर्दू प्राथमिक विद्यालय में 260 छात्र-छात्राएँ, सात शिक्षिकाएँ हैं लेकिन एक कमरा है तथा उस विद्यालय में शौचालय भी नहीं है ;

(2) क्या यह बात सही है कि विद्यालय की 13 डीसमील जमीन मुजीद, अल्ताफ, मंसूर, अहमद इत्यादि ने अतिक्रमित कर रखा है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त विद्यालय की अतिक्रमित भूमि मुक्त कर कमरे और शौचालय निर्माण का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

कार्रवाई करना

*78. श्री संजय सिंह टाईगर--दिनांक 18 अगस्त, 2014 को हिन्दी दैनिक समाचार-पत्र में प्रकाशित शीर्षक ''सिमुलतल्ला विद्यालय से भाग रहे छात्र'' के आलोक में क्या मंत्री, शिक्षा (मा0 शि0) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि राज्य सरकार द्वारा मेधावी छात्र-छात्राओं को उच्च स्तर की शैक्षणिक योग्यता प्रदान कराने के उद्देश्य से नेतरहाट की तर्ज पर सिमुलतल्ला (जमुई) में आवासीय विद्यालय की स्थापना किया है ;

(2) क्या यह बात सही है कि वर्ष 2010 से शैक्षणिक सत्र संचालित है परन्तु प्रशासन की लापरवाही एवं प्रबंधन की उदासीनता के कारण 15 मेधावी छात्र विद्यालय से पलायन कर गये हैं ;

(3) क्या यह बात सही है कि अप्रैल से शुरू होने वाले शैक्षणिक सत्र की पढ़ाई अबतक शुरू नहीं हुआ है ;

(4) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त आवासीय विद्यालय में शैक्षणिक सत्र, वित्तीय प्रबंधन एवं आधारभूत संरचना के सुधार हेतु कौन-सी कार्रवाई करना चाहती है ?

---

विद्यालय खोलना

*79. डॉ0 कृष्णनंदन यादव--क्या मंत्री, शिक्षा (प्रा0 शि0) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि गया जिला के खिजरसराय प्रखंड के ग्राम-वैजना की आबादी 1,000 है, परन्तु एक प्राथमिक विद्यालय नहीं है ;

(2) क्या यह बात सही है कि वैजना ग्राम के बच्चे दो कि0 मी0 की दूरी तय करके पढ़ने जाते हैं ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार खिजरसराय प्रखंड के ग्राम-वैजना में एक प्राथमिक विद्यालय खोलने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

उत्क्रमित करना

*80. श्री रामदेव महतो--क्या मंत्री, शिक्षा (मा0 शि0) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि मधुबनी जिला के रहिका प्रखंडान्तर्गत राजकीय मध्य विद्यालय, मलंगिया स्कूल में 1,500 छात्र-छात्राएँ पढ़ते हैं तथा 5 कि0 मी0 की दूरी पर एक उच्च विद्यालय का निर्माण कराने का सरकारी प्रावधान वर्ष 2012 में निर्णय लिया गया था ;

(2) क्या यह बात सही है कि राजकीय मध्य विद्यालय, मलंगिया के अधीन 5 एकड़ जमीन उपलब्ध है और उच्च विद्यालय में उत्क्रमण की सभी शर्तों को पूरा करता है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त विद्यालय को उच्च विद्यालय में उत्क्रमित करने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

रंग-रोगन कराना

*81. श्रीमती पूनम देवी यादव--क्या मंत्री, शिक्षा (प्रा0 शि0) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि खगड़िया जिलान्तर्गत मानसी प्रखंड के खुटिया पंचायत अन्तर्गत मध्य विद्यालय, एकनियाँ का भवन निर्माण सर्वशिक्षा अभियान से वर्ष, 2012 में हुआ है जिसका अबतक प्लास्टर नहीं करने से अपूर्ण है, यदि हाँ, तो क्या सरकार विद्यालय भवन का प्लास्टर सहित रंग-रोगन कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

विद्यालय खोलना

*82. श्री विनय कुमार सिंह--क्या मंत्री, शिक्षा (प्रा0 शि0) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि सारण जिला के दिघवारा प्रखंडतर्गत अकिलपुर पंचायत के ग्राम पकवलिया एवं रामदास दियारा में कोई प्राथमिक विद्यालय नहीं है जबकि गाँव की आबादी 1000 से ऊपर है एवं 90 प्रतिशत आबादी गरीबी रेखा से नीचे अतिपिछड़ा एवं अनुसूचित जाति की है ;

(2) क्या यह बात सही है कि प्राथमिक विद्यालय नहीं रहने के कारण यहाँ के अधिकांश बच्चे प्रारंभिक शिक्षा से वंचित रह जाते हैं ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त पंचायतों में प्राथमिक विद्यालय खोलने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक नहीं, तो क्यों ?

--------

विद्यालय खोलना

*83. श्री राम नरेश प्रसाद यादव--क्या मंत्री, शिक्षा (मा0 शि0) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि सीतामढ़ी जिला के परिहार प्रखंड के नरंगा उतरी, नरंगा दक्षिणी, धनहा पंचायत की आबादी 35 (पैंतीस) हजार है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उपरोक्त पंचायत के 6 कि0मी0 के परिधि में एक भी उच्च विद्यालय नहीं है जिससे वहाँ के छात्र एवं छात्राओं को पठन-पाठन में कठिनाई होती है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार नरंगा में उच्च विद्यालय बनाने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

निर्माण करना

*84. श्री संजय सिंह टाईगर--क्या मंत्री, शिक्षा (मा0 शि0) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे क्या यह बात सही है कि भोजपुर जिलान्तर्गत संदेश प्रखंड के भटौली स्थित उच्च विद्यालय का भवन अत्यधिक जर्जर है, जबकि विद्यालय का अपना दो एकड़ जमीन भी है यदि हाँ, तो क्या सरकार छात्र-छात्राओं के सुविधा हेतु नया भवन निर्माण शीघ्र कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

कार्रवाई करना

*85. श्रीमती मंजू कुमारी--क्या मंत्री शिक्षा (प्रा0 शि0) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि समस्तीपुर जिला के रोसड़ा प्रखंड स्थित उत्क्रमित मध्य विद्यालय, सहियारबुर्ज, रोसड़ा में श्रीमती स्मिता कुमारी, श्रीमती अनिता कुमारी एवं श्री अमित कुमार सहित अन्य पाँच नियोजित प्रखंड शिक्षक जुलाई, 2013 में योगदान किये हैं ;

(2) क्या यह बात सही है कि बी0आर0सी0 कार्यालय, रोसड़ा के स्मार-पत्र सं0 41, दिनांक 21 मार्च, 2014 द्वारा उनके मानदेय का भुगतान संबंधी सभी आवश्यक कागजात जिला स्थापना कार्यालय, समस्तीपुर को प्रेषित करते हुये भुगतान की कार्रवाई हेतु अनुरोध किया गया है ;

(3) क्या यह बात सही है कि उक्त शिक्षकों के मानदेय का भुगतान अभीतक नहीं किया गया है ;

(4) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो अबतक उक्त शिक्षकों का मानदेय भुगतान नहीं करने का क्या औचित्य है तथा इसके लिये दोषी पर सरकार क्या कार्रवाई करने का विचार रखती है ?

--------

विचार करना

*86. श्री सचीन्द्र प्रसाद सिंह--क्या मंत्री, शिक्षा (उ0शि0) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि पूर्वी चम्पारण जिला के संग्रामपुर प्रखंड में स्थित दरियापुर शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय में चहारदीवारी नहीं रहने से जमीन का अतिक्रमण हो रहा है ;

(2) यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार उक्त प्रशिक्षण महाविद्यालय के जमीन का घेराबंदी कर जमीन को अतिक्रमणकारियों से बचाने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

नियोजन करना

*87. श्री विनोद नारायण झा--क्या मंत्री, शिक्षा (मा0शि0) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मधुबनी जिला के नगर उच्च माध्यमिक शिक्षक नियोजन, 2013 के प्रकाशित कम्प्यूटर विज्ञान प्रशिक्षित अभ्यर्थियों को अँतिम मेधा सूची के दस माह पूर्व प्रकाशन के बावजूद क्रमांक 1 पर वर्णित सफल अभ्यर्थी का अभीतक नियोजन नहीं किया गया है, यदि हाँ, तो इसका क्या औचित्य है ?

--------

उत्क्रमित करना

*88. श्री जनार्दन मांझी--क्या मंत्री, शिक्षा (मा0शि0) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि बाँका जिलान्तर्गत शम्भूगंज प्रखंड के कुर्मी पंचायत में एक भी माध्यमिक विद्यालय नहीं है जिससे छात्र-छात्राओं को उच्च शिक्षा ग्रहण करने में काफी कठिनाई होती है ;

(2) क्या यह बात सही है कि सरकारी नियमानुसार 5 कि0मी0 के अंदर यदि कोई माध्यमिक विद्यालय नहीं है तो मध्य विद्यालय को माध्यमिक विद्यालय में प्रोन्नत करने का प्रावधान है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार गरीब पिछड़ों के हित में धर्मपुर मध्य विद्यालय को माध्यमिक विद्यालय में उत्क्रमित करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

कार्रवाई करना

*89. डॉ0 (मो0) जावेद--क्या मंत्री, शिक्षा (प्रा0 शि0) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि किशनगंज जिलान्तर्गत पोठिया प्रखण्ड के पड़लाबारी पंचायत में उ0म0वि0, छगलिया वार्ड नं0 10 में तीन-तीन कमरों का दो भवन सर्व-शिक्षा अभियान के अंतर्गत वर्ष 2012-13 में निर्माण किया गया है ;

(2) क्या यह बात सही है कि भवन निर्माण में लो ग्रेड सामग्री का उपयोग किया गया है, जिससे विद्यालय का दिवार और छत जगह-जगह क्षतिग्रस्त हो गया है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त भवन की जाँच कराकर दोषी संवेदक पर कार्रवाई करने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

पदस्थापन करना

*90. डॉ0 इजहार अहमद--स्थानीय हिन्दी दैनिक समाचार-पत्र में दिनांक 8 नवम्बर, 2014 को प्रकाशित शीर्षक ''छात्र छह हजार शिक्षक महज 23'' को ध्यान में रखते हुये क्या मंत्री, शिक्षा (उ0 शि0) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि दरभंगा जिलान्तर्गत दरभंगा मारवाड़ी कॉलेज में शिक्षक की संख्या मात्र 23 है तथा छात्र-छात्राओं की संख्या 6 हजार है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त कॉलेज के भौतिकी, रसायन एवं संस्कृत विषयों में विगत 6 वर्षों से एक भी शिक्षक नहीं है, फिर भी उक्त विभागों में छात्रों का नामांकन होता आ रहा है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त कॉलेज में स्वीकृत शिक्षकों के पद के अनुरूप शिक्षकों का पदस्थापन करने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक और नहीं, तो क्यों ?

--------

निर्माण करना

*91. श्री मंजीत कुमार सिंह--क्या मंत्री, शिक्षा (प्रा0 शि0) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि गोपालगंज जिले के बरौली प्रखंड के सदौवां पंचायत के नवसृजित प्राथमिक विद्यालय, भगेलु रावत के टोला, नवसृजित प्राथमिक विद्यालय, सदौवां पाण्डेय टोला, सिधवलियां प्रखंड के नवसृजित प्राथमिक विद्यालय, वृत्तियाँ काशीटेंगराही, नवसृजित प्राथमिक विद्यालय, कटैया खास काशीटेंगराही, नवसृजित प्राथमिक विद्यालय, कविराज टोला बुचियाँ, बैकुण्ठपुर प्रखंड के नवसृजित प्राथमिक विद्यालय, सिंगासनी खजुहट्टी, नवसृजित प्राथमिक विद्यालय, दिधवा, नवसृजित प्राथमिक विद्यालय, हकाम तेलीय पर नवसृजित प्राथमिक विद्यालय, जगदीशपुर, नोनिया टोला में सरकारी भूमि एवं 1 करोड़ राशि की उपलब्धता के बावजूद वर्ष 2006-07 से अबतक सर्वशिक्षा अभियान के तहत भवन निर्माण नहीं किया जा सका है, यदि हाँ, तो क्या सरकार सभी भवनहीन नवसृजित प्राथमिक विद्यालय का भवन निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

------

पदस्थापन करना

*92. श्री विनोद कुमार सिंह--क्या मंत्री, शिक्षा (मा0 शि0) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि कटिहार जिलान्तर्गत आजमनगर प्रखंड के प्रोजेक्ट कन्या उच्च विद्यालय, आजमनगर तथा आर0के0उ0वि0, (10+2) आजमनगर में स्थायी प्रधानाचार्य नहीं रहने के कारण पठन-पाठन पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है ;

(2) यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार उक्त दोनों विद्यालयों में स्थायी प्रधानाचार्य का पदस्थापन करने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

दंडित करना

*93. श्री संजय सरावगी--क्या मंत्री, कला, संस्कृत एवं युवा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि दरभंगा जिला स्थित चंद्रधारी संग्रहालय परिसर में थिमेटिक पार्क के निर्माण के लिये वित्तीय वर्ष 2009-10 में 45.11 लाख रुपया की राशि आवंटित की गई थी ;

(2) क्या यह बात सही है कि थिमेटिक पार्क अभीतक पूर्ण रूप से बनकर तैयार नहीं हुआ है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार थिमेटिक पार्क का निर्माण पूर्ण कराना चाहती है एवं विलम्ब के लिये दोषी पदाधिकारियों को दंडित करने का विचार रखती है ?

--------

उत्क्रमित करना

*94. श्री रत्लेश सादा--क्या मंत्री, शिक्षा (मा0 शि0) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सहरसा जिलान्तर्गत सोनवर्षा विधान-सभा के पतरघट प्रखंड के पतरघट पंचायत में स्थित मध्य विद्यालय में 600 से अधिक बच्चे शिक्षा ग्रहण करते हैं, किन्तु उक्त पंचायत में कोई भी हाई स्कूल नहीं रहने के कारण बच्चों को मध्य विद्यालय के आगे की पढ़ाई करने में कठिनाई का सामना करना पड़ता है, यदि हाँ, तो क्या सरकार पतरघट पंचायत के मध्य विद्यालय को हाई स्कूल में उत्क्रमित करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-------

परिणाम निकालना

*95. श्री विनय कुमार सिंह--हिन्दी दैनिक समाचार-पत्र में दिनांक 16 नवम्बर, 2014 को प्रकाशित ''कॉलेज कॉरपस फंड दे तभी बी0एड0 का रिजल्ट'' शीर्षक को ध्यान में रखते हुये क्या मंत्री, शिक्षा (उ0 शि0) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि मगध विश्वविद्यालय और बी0एड0 कॉलेज के बीच कॉरपस फंड की तकरार में बी0एड0 के 5200 (बावन सौ) छात्रों का रिजल्ट अटका हुआ है ;

(2) क्या यह बात सही है कि बी0एड0 कॉलेजों में बी0एड0 की परीक्षा जुलाई, 2014 को हुई थी ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो बी0एड0 कॉलेज के छात्रों को बी0एड0 परीक्षा का परिणाम (रिजल्ट) नहीं निकालने का क्या औचित्य है ?

--------

हरेराम मुखिया,
प्रभारी सचिव,
बिहार विधान-सभा ।

पटना :
दिनांक 23 दिसम्बर, 2014 (ई0) ।

बि0स0मु0 (एल0ए0), 120 डी0टी0पी0-450